प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष–2023

न्यायालय सहायक कलक्टर एवं उपखण्डाधिकारी, नोहर जिला हनुमानगढ

पीठासीन अधिकारी का नाम : **सत्यनारायण (आर0ए0एस0)**

प्रकरण संख्या – 15/2023

अनवान : –

1. दीवान पुत्र रामसिंह जाति ब्राह्मण निवासी बिरकाली तहसील नोहर ।
2. मदन पुत्र रामसिंह जाति ब्राह्मण निवासी बिरकाली तहसील नोहर ।

–प्रार्थीगण

बनाम्

1. मनीराम पुत्र किशनाराम जाति कुम्हार निवासी बिरकाली तहसील नोहर
2. राजस्थान सरकार जरिये तहसीलदार (राजस्व) नोहर।

– अप्रार्थीगण

प्रार्थना पत्र अन्तर्गत धारा 251 ए आरटीएक्ट

उपस्थिति :–**1. श्री रविन्द्र कुमार गोदारा अधिवक्ता प्रार्थी**

निर्णय **दिनांक: 26.05.2023**

संक्षेप में तथ्य इस प्रकार से है कि प्रार्थी ने जरिये अधिवक्ता यह प्रार्थना पत्र 251 ए राजस्थान काश्तकारी अधिनियम 1955 के तहत इस आशय का पेश किया की रोही मौजा बिरकाली बारानी के जमाबन्दी संवत 2074–2077 के खाता संख्या 186/578 के कुल खसरे 4 का कुल क्षेत्रफल 0.986 है0 कृषि भूमि सायलान के नाम दर्ज है जिसके सायलान खातेदार काश्तकार है।

रोही मौजा बिरकाली बारानी के जमाबन्दी संवत 2074–2077 के खाता संख्या 352/299 के कुल खसरे 40 का कुल क्षेत्रफल 9.968 है0 भूमि गैरसायल संख्या 1 के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है।

रोही मौजा बिरकाली बारानी के जमाबन्दी संवत 2074–2077 के खाता संख्या 186/578 के कुल खसरे 4 का कुल क्षेत्रफल 0.986 है0 कृषि भूमि सायलान की व रोही मौजा बिरकाली बारानी के जमाबन्दी संवत 2074–2077 के खाता संख्या 352/299 के कुल खसरे 40 का कुल क्षेत्रफल 9.968 है0 भूमि गैरसायल खातेदारी कृषि भूमि है अर्सा दराज से सायलान के खेत में आवागमन के लिए गैरसायल के खेत के प0 नं0 137/27 (527) के किला नं. 19 व 20/2 प्रत्येक की मिन दक्षिण की 0.013 है0 भूमि व सायलान के प0 नं0 137/27 (527) के किला नं. 18 के मिन दक्षिण में 0.013 है0 भूमि पर सायलान व गैरसायल की आपसकी सहमति से आवागमन होता आ रहा है रास्ते के बदले कोई भूमि नहीं दी जानी है लेकिन राजस्व रिकार्ड में रास्ता स्वीकृत नहीं होने के कारण सायलान को भारी परेशानी हो रही है।

Signature Not Verified
Digitally signed by Satya Narayan
Date: 2023.12.21 17:31:39 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
नोहर (हनुमानगढ़)

गैरसायल के खेत के प0 नं0 137/27 (527) के किला नं. 19 व 20/2 प्रत्येक की मिन दक्षिण की 0.013 है0 भूमि व सायलान के प0 नं0 137/27 (527) के किला नं. 18 के मिन दक्षिण में 0.013 है0 भूमि में रास्ता स्वीकृत करवाना चाहते है उक्त रास्ता आपसी सहमति से चालु है लेकिन राजस्व रिकार्ड में दर्ज नहीं है इसलिए सायलान राजस्व रिकार्ड में दर्ज करवा पाने के अधिकारी है।

प्रार्थना पेश होने पर दर्ज रजिस्टर किया जाकर अप्रार्थीगण को जरिये नोटिस तलब किया गया। नोटिस तामिल होने के उपरान्त अप्रार्थीगण स0 1 ने उपस्थित होकर जरिये अधिवक्ता प्रार्थी के प्रार्थना को स्वीकार करते हुए जवाब इकबाल प्रार्थना पत्र पेश कर निवेदन किया की प्रार्थी का प्रार्थना पत्र मुताबिक अनुतोष स्वीकार फरमाया जाता है तो मुझ अप्रार्थी स0 1 को कोई एतराज नही है

पत्रावली प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष 2023 कैम्प कोर्ट में पेश हुई। अधिवक्ता प्रार्थी ने निवेदन किया की उक्त रास्ता के संबंध में प्रार्थीगण एवं अप्रार्थी सहमत है अर्थात प्रार्थी के प्रार्थना पत्र के संबंध में किसी को कोई एतराज नही है। अतः प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार फरमावें।

हमने उभयपक्षों को सुना एवं पत्रावली तथा संलग्न दस्तावेजों को अवलोकन किया। पत्रावली में प्रस्तुत रिकार्ड के अनुसार रोही मौजा बिरकाली बारानी के जमाबन्दी संवत 2074–2077 के खाता संख्या 186/578 के कुल खसरे 4 का कुल क्षेत्रफल 0.986 है0 कृषि भूमि सायलान के नाम दर्ज है जिसके सायलान खातेदार काश्तकार है। रोही मौजा बिरकाली बारानी के जमाबन्दी संवत 2074–2077 के खाता संख्या 352/299 के कुल खसरे 40 का कुल क्षेत्रफल 9.968 है0 भूमि गैरसायल संख्या 1 के नाम दर्ज राजस्व रिकार्ड है। रोही मौजा बिरकाली बारानी के जमाबन्दी संवत 2074–2077 के खाता संख्या 352/299 के कुल खसरे 40 का कुल क्षेत्रफल 9.968 है0 भूमि के प0 नं0 137/27 (527) के किला नं. 19 व 20/2 प्रत्येक की मिन दक्षिण की 0.013 है0 भूमि व सायलान की भूमि रोही मौजा बिरकाली बारानी के खाता संख्या 186/578 के कुल खसरे 4 का कुल क्षेत्रफल 0.986 है0 के प0 नं0 137/27 (527) के किला नं. 18 के मिन दक्षिण में 0.013 है0 भूमि में रास्ता स्वीकृत करवाने हेतु प्रार्थीगण एवं अप्रार्थीगण सहमत है। अप्रार्थीगण स0 1 द्वारा प्रार्थीगण के प्रार्थना पत्र को स्वीकार करते हुए इकबाल प्रार्थना पत्र पेश किया गया है कि प्रार्थीगण का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाता है तो उन्हें कोई एतराज नही है।

उपर्युक्त विवेचन के आधार पर प्रार्थी का प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर तहसीलदार नोहर को आदेशित किया जाता है कि किसी सक्षम न्यायालय का स्थगन न हो तो वे रोही मौजा बिरकाली बारानी के जमाबन्दी संवत 2074–2077 के खाता संख्या 352/299 के कुल खसरे 40 का कुल क्षेत्रफल 9.968 है0 भूमि के प0 नं0 137/27 (527) के किला नं. 19 व 20/2 प्रत्येक की मिन दक्षिण की 0.013 है0 भूमि व सायलान की भूमि रोही मौजा बिरकाली बारानी के खाता संख्या 186/578

Signature Not Verified
Digitally signed by Satya Narayan
Date: 2023.12.21 17:31:39 IST
Reason: SelfAttested

उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
नोहर (हनुमानगढ़)

के कुल खसरे 4 का कुल क्षेत्रफल 0.986 है0 के प0 नं0 137/27 (527) के किला नं. 18 के मिन दक्षिण में 0.013 है0 भूमि में गै0मु0 रास्ता राजस्व रिकार्ड में अमल दरामद करें। तहसीलदार नोहर को निर्णय की प्रति प्रेषित कर पालना हेतु पृथक से लिखा जावें।

निर्णय आज दिनांक 26/5/23 को प्रशासन गांव के संग अभियान वर्ष – 2023 में मेरे द्वारा लिखाया जाकर सुनाया गया।

(सत्यनारायण R.A.S)
उपखण्ड अधिकारी (राजस्व)
एवं सहायक कलक्टर नोहर
प्रशासन गावं के संग अभियान वर्ष–2023
कैम्प कोर्ट–बिरकाली

Signature Not Verified

Digitally signed by Satya Narayan
Date: 2023.12.21 17:31:39 IST
Reason: SelfAttested